## खबर संक्षेप

### खाद्यान्न पात्रता पर्चीधारी 15 मई तक करवा सकते हैं ई-केवाईसी

**कटनी।** शासन द्वारा राशन के लिए पात्रता पर्चीधारी हितग्राहियों को ई-केवाईसी कराने के निर्देश दिए गये हैं। ई-केवाईसी हेतु पूर्व में अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई थी। जबकि अब यह तिथि 15 मई तक की बढ़ा दी है। ताकि छूटे हुये सभी हितग्राही ई-केवाईसी करवा लें। शासकीय उचित मूल्य दुकान से पीओएस मशीन में बायोमेट्रिक सत्यापन के आधार पर ही हितग्राहियों को राशन प्राप्त होगा। जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी देते हुए जिले के सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वो अपनी-अपनी पंचायत या वार्ड की शासकीय उचित मूल्य की दुकान में पीओएस मशीन के माध्यम से या मेरा ई-केवाईसी एप से परिवार के सभी सदस्यों का ई-केवाईसी 15 मई तक करवाएं।

### आपदा प्रबंधन हेतु कंट्रोल रूम में कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

**कटनी।** आपदा प्रबंधन के सुचारू समन्वकय एवं आपदा को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्ट्रेनट कार्यालय में स्था पित कंट्रोल रूम के 24 वाय 7 संचालन एवं कार्य संपादन हेतु जिला प्रबंधक, लोक सेवा प्रबंधन विभाग के निर्देशन में कार्य करने हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ये सभी कर्मचारी नोडल अधिकारी के निर्देशन में आगामी आदेश तक कार्य करेंगें। कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07622-220070, 07622-220071 है। अपर कलेक्ट्र साधना परस्तेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक सुमित दुबे ऑपरेटर हाईस्कूल पडरभटा, , भुवनेश्वबर प्रसाद गौतम दवासाज शासकीय आयुर्वेद औषधालय, सुदर्शना सिरसाम सहायक ग्रेड 3 की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार दोपहर दो बजे से रात्रि दस बजे तक देवेन्द्र कुमार शर्मा सहायक ग्रेड-3 ] जीतेंन्द्र यादव ऑपरेटर शिक्षा विभाग, आकाश जायसवाल जिला शहरी विकास अभिकरण, एवं फैज अहमद सहायक ग्रेड 3 जिला शिक्षा केन्द्रं की ड्यूटी लगाई गई है। जबकि रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक अनिल सिंह ऑपरेटर हाईस्कूडल सैलारपुर, गोविंद यादव ऑपरेटर शिक्षा विभाग एवं दिनेश सूर्यवंशी ऑपरेटर शिक्षा विभाग की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा मनोज यादव ऑपरेटर हाईस्कूगल बड़खेरा, धर्मेन्द्र यादव ऑपरेटर घंघरीकला हाईस्कूल, प्रवेश कुमार तिवारी को रिजर्व में रखा गया है।

### सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम

**कटनी।** रीठी पुलिस ने थाना क्षेत्र का भ्रमण का सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया साथ ही नागरिकों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। थाना प्रभारी राखी पांडे ने कहा कि किसी भी अफवाह या गलत खबर पर ध्यान न दें और पुलिस की कार्रवाई पर विश्वास रखें। क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इसके तहत, संवेदनशील इलाकों में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है।

## चंडिका नगर कुशवाहा मोहल्ला में हुई चोरी के मामले का पुलिस ने किया खुलासा

# दो बदमाश गिरफ्तार: 1 लाख 20 हजार रूपए सहित 17 तोला सोने एवं 44 तोला चांदी के जेवरात बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कोतवाली थाना अंतर्गत चंडिका नगर में बीते दिनों हुई चोरी के मामले में पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। चोरो के पास से पुलिस ने 1 लाख 20 हजार रूपए नकदी सहित 17 तोला सोना व 44 तोला चांदी के जेवरात भी बरामद किये है।

पुलिस के अनुसार चण्डिका नगर निवासी नरेन्द्र प्रसाद मिश्रा 61 वर्ष ने बस स्टैण्ड पुलिस चौकी मे रिपोर्ट की थी जिसमें बताया कि चोरों ने घर में घुस का ताला तोड़कर नकदी सहित सोने-चांदी के आभूषण चुरा ले गए। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस ने मौका मुआयना किया गया। आसपास के लोगों से पूछताछ और संदेह के आधार पर चोरों की तलाश शुरू की गई। वहीं आसपास के लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला गया।

जांच के दौरान संदेही गोविंद गोपाल गुप्ता से पूछताछ की गई तो उसने अपने एक मित्र राजेश बजाज निवासी भारत चौक थाना रंगनाथनगर के साथ मिलकर चोरी की वारदात कबूल की। टीम ने दोनों चोरों को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चुराए 17 तोला सोना, 44 तोला चांदी के आभूषण सहित कुछ नगदी बरामद की।

एसपी अभिजीत कुमार रंजन ने बताया कि अनुसार 7 मई 2025 को लगभग सुबह 08:30 बजे अपने घर में ताला लगाकर मेन गेट की चाभी पड़ोस के गोविंद गोपाल गुप्ता के घर देकर अपने ससुराल ग्राम सिजहरा शादी मे सामिल होने गया था। दूसरे दिन अपने घर वापिस आया देखा कि मेन गेट ताला लगा था तथा घर का प्रवेश द्वार खुला था तथा सीढी पर ताला टूटा हुआ रखा था घर के अन्दर के दोनो कमरों के दरवाजे खुले थे तथा आलमारिया भी खुली हुई थी जिनमें रखा नगद रुपये व सोने चाँदी के जेवरात नहीं थे। थाना कोतवाली में धारा 331(4),305 (A) BNS के तहत अपराध कायम कर जांच शुरू की गई।

विवेचना के दौरान नरेन्द्र प्रसाद मिश्रा की पत्नी ममता देवी मिश्रा से पूछताछ की गई जिसमें घर मे 01 लाख 20 हजार रुपये नगद व लगभग 17 तोला सोने के जेवर एवं 44 तोला चाँदी के जेवर चोरी होनें की जानकारी दी। विवेचना के दौरान संदेह के आधार पर गोविंद गोपाल गुप्ता व उसकी पत्नी नेहा उर्फ राधिका गुप्ता से प्रथक प्रथक पूछतांछ की गई जिनके कथनो मे भिन्नता पाये जाने से तकनीकि साक्ष्य के आधार पर दोनो से कड़ाई से पूछताछ की गई जिसमें गोविंद गोपाल गुप्ता 31 साल निवासी चण्डिका नगर द्वारा अपने मित्र राजेश बजाज पिता स्व.अशोक कुमार बजाज 32 साल निवासी स्वामी शान्ति प्रकाश नगर करोद थाना निषादपुरा भोपाल, हाल भारत चौक थाना रंगनाथ नगर के साथ नरेन्द्र मिश्रा के घर पर कोई नही होने से चोरी करने प्लानिंग किये थे जो गोबिंद गोपाल गुप्ता के मित्र राजेश बजाज को भी अभिरक्षा मे लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई तो चोरी करना कबूल कर लिया।

### ये जेवरात किये बरामद

आरोपी गोविंद गोपाल गुप्ता के घर में 70 हजार रुपये नगद, 01 नग सोने का रानी हार,01 नग अन्य सोने का हार, 04 नग सोने की अगूठी, 01 जोड़ सोने के टाप्स, 01 जोड़ सोने की लटक, 01 जोड़ चाँदी की बोरा गसी पायल, 01 जोड़ घुघरु वाली पायल, 01 नग चाँदी का कड़ा, घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटर सायकल जप्त की गई। आरोपी राजेश बजाज के ससुराल से 50 हजार रुपये नगद, 02 नग सोने के कंगन,01 नग हार, 01 जोड़ कान की सोने की लटकन,01 जोड़ सोने की झुमकी, 03 नग सोने की अगूठी, 01 नग सोने की चेन, 02 नग सोने की नथ, 03 नग सोने की लोकेट, 02 जोड़ चाँदी की पायल, 06 नग चाँदी की बिछिया, 02 नग चांदी की खड़ाउ, एक नग चाँदी की गणेश जी की मूर्ति बरामद की गईं है।

### मोटर साइकिल भी जब्त

मामले मे कुल लगभग 17 तोला सोने के जेवर एवं 44 तोला चाँदी के जेवर कुल कीमती लगभग 16 लाख 78 हजार रुपये तथा 1 लाख 20 हजार रुपये नगद तथा घटना मे प्रयुक्त अपाचे मोटर सायकल क्रमांक MP2IMS2086 कीमती 1,50,000 की जब्त की गईं हैं।

### निजी विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश के लिए 21 तक आवेदन

**कटनी।** निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत बच्चों के निजी स्कूल में निःशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए अपने ग्राम व वार्ड, पड़ोस तथा विस्तारित पड़ोस के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों के संबंध में पोर्टल पर कक्षावार प्रदर्शित स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए समग्र आईडी एवं आधार सत्यापन कर आगामी 21 मई तक ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि सुधार कार्य कर सकते हैं। आवेदन उपरांत निर्धारित तिथि एवं सत्यापन केन्द्र पर मूल दस्तावेजों से सत्यापन कराना अनिवार्य है। इसके बाद पात्र आवेदकों को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से स्कूल आवंटन होगा। जिला शिक्षा अधिकारी पीपी सिंह ने बताया कि आवेदनों के सत्यापन कार्य की प्रक्रिया 23 मई तक सत्यापन केन्द्र (जन शिक्षा केन्द्र) में संचालित है। सत्यामपन के उपरांत रेण्डम पद्धति से ऑनलाइन लॉटरी द्वारा आवेदकों को आगामी 29 मई तक स्कूल आवंटन किया जाएगा। चयनित आवेदकों को इसकी सूचना एसएमएस से भी मिलेगी। 2 से 10 जून तक आवंटित निजी स्कूल में प्रवेश के लिए उपस्थित होकर मोबाइल एप के माध्यम से एडमीशन की रिर्पोटिंग कराना जरूरी है।

**अनुभाग स्तर पर आपदा प्रबंधन की बैठक का आयोजन**

## सतर्कता एवं सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश जारी कर सहयोग प्रदान करने अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आंतरिक सुरक्षा एवं नागरिक सुरक्षा को लेकर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर शनिवार शाम जिले के समस्त अनुविभाग कटनी, बहोरीबंद, विजयराघवगढ़ एवं ढीमरखेड़ा में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक एवं व्यापारी संगठनों सहित गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में आपदा प्रबंधन की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय परिस्थितियों और देश के वर्तमान परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए सतर्कता सुरक्षा एवं सुचारू व्यवस्था के संबंध में दिशा निर्देश की जानकारी प्रदान की जाकर उपस्थित जनों से सहयोग की अपील की गई। अनुविभाग बहोरीबंद में विधायक प्रणय प्रभात पांडे और एसडीएम राकेश कुमार चौरसिया सहित ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, पेट्रोल-डीजल संगठनों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में आपदा प्रबंधन की बैठक आयोजित की गई। इसी प्रकार ढीमरखेड़ा में एसडीएम विंकी सिंह मारे उइके की अध्यक्षता में वर्चुअली आपदा प्रबंधन की बैठक आयोजित की गई। अनुविभाग कटनी में भी प्रभारी एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी, तहसीलदार बीके मिश्रा और अजीत तिवारी की मौजूदगी में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आपदा प्रबंधन की बैठक में सभी ने शासन-प्रशासन के साथ पूर्ण सहयोग करने का वादा किया। बैठक के दौरान अनुविभागीय अधिकारी सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, जनपद प्रतिनिधियों, अनुभाग अंतर्गत समस्त व्यापारी संगठन पेट्रोल डीजल संगठन गैस संगठन ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन एवं पत्रकार एसोसिएशन समस्त खंड अधिकारी की मौजूदगी रही।



## रेलवे स्टेशन, ढाबा, दुकानों में की गई जांच पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्लीमनाबाद पुलिस ने बंधी रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों की सघन चेकिंग की। यात्रियों को एनाउंसमेंट के माध्यम से सतर्कता बरतने की समझाइश दी गई तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया गया। सार्वजनिक सुरक्षा हेतु थाना क्षेत्र ढाबा, दुकानों, अस्पतालों एवं निजी निवासों में लगे कैमरों की सहायता ली जा रही है। संबंधित संचालकों से कैमरों की कार्यक्षमता बनाए रखने और जरूरत पड़ने पर फुटेज उपलब्ध कराने को कहा गया है। थाना क्षेत्र स्थित मार्बल खदानो, महाकौशल फैक्ट्री की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। कर्मचारियों को सतर्क रहने तथा सुरक्षा उपकरणों को चालू स्थिति में रखने की समझाइश दी गई। मोबाइल व सिम विक्रय केंद्रों की सरप्राइज चेकिंग की गई। सिम बिक्री रजिस्टरों की जांच की गई तथा दुकानदारों को निर्देश दिया गया कि फर्जी दस्तावेजों पर सिम न बेचे जाएं एवं समुचित रिकॉर्ड संधारित किया जाए। शासकीय एवं निजी बैंकों में सुरक्षा उपकरणों सीसीटीवी कैमरे, फायर अलार्म, बर्गलर अलार्म एवं अग्निशमन उपकरणों की जांच की गई। सुरक्षा गार्ड्स को किसी संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में तत्परता से पुलिस को सूचित करने के निर्देश दिए गए।

## पुलिस कंट्रोल रूम में आग लगने एवं हाईवे में हादसे की सूचना पर पहुंची टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



आपातकाल एवं किसी प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के नेतृत्व में कटनी पुलिस की पूर्व तैयारी का जायजा लेने मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आग लगने की सूचना जिला फायर ब्रिगेड को दोपहर समय 12:47 पर दी गई। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड टीम समय मात्र 11 मिनट में पुलिस कंट्रोल रूम में राहत एवं बचाव कार्य हेतु अपनी संपूर्ण तैयारी के साथ उपस्थित हुई एवं तत्काल राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया।

मॉक ड्रिल के दूसरे चरण में नेशनल हाईवे पर एक्सीडेंट की सूचना दोपहर समय 12:49 पर डायल 100 को दी गई। डायल 100 पर सूचना मिलने की पश्चात डायल 100 पायलट एवं पुलिस स्टाफ द्वारा रैपिड एक्शन दिखाते हुए मात्र 15 मिनट में घटनास्थल पर टीम पहुंची। मौके पर पहुंचकर डायल 100 वाहन मे तैनात पुलिसकर्मी द्वारा एक्सीडेंट में घायल हुए व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार दिया तथा घायलों को लेकर जिला अस्पताल के लिए रवाना हुई।

मॉक ड्रिल के तीसरे एवं अंतिम चरण में पुलिस कंट्रोल रूम में समय 12:55 पर गुलवारा नदी में बच्चों की डूबने की सूचना मिलने पर तत्काल एसडीआरएफ की टीम को सूचना स्थानांतरित की गई । सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम द्वारा 13:48 पर पहुंचकर राहत में बचाव कार्य आरंभ किया गया जहां नदी में डूबते हुए बच्चे का रेस्क्यू किया गया।




### शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं के प्रधानाध्यापकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

## लीडरशिप प्रशिक्षण : 15 लक्ष्यों पर फोकस करके बदलेंगे स्कूलों की तस्वीर



**हरिभूमि न्यूज: कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के मार्गदर्शन में डाइट कटनी में जिले की सभी शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं के प्रधानाध्यापकों को विकासखंड वार 6 चरणों में पांच दिवसीय लीडरशिप प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में 6 मुख्य क्षेत्र सतत व्यावसायिक विकास हेतु लीडरशिप पाथ, विद्यालय सुधार हेतु परिवर्तनकारी नेतृत्व, भारत में प्रधानाध्यापकों की भूमिका का पुनः परिभाषीकरण, सीखने और विकास के लिए एक आधार के रूप में विद्यालय, विद्यालय नेतृत्व परिवर्तन के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत, समानता और समता, समता एक अवधारणा के रूप में, समता एक उपकरण के रूप में, समानुभूतिः विद्यालय प्रमुखों के व्यावसायिक विकास के लिए महत्वपूर्ण कौशल, एजूकेशन फॉर क्रिटिकल थिंकिंग, राष्ट्रीय स्तर की समावेशी शिक्षा नीति, दिव्यांग बच्चों के संदर्भ में शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं का रूपांतरण, हितधारकों के साथ विद्यालय उन्नयन हेतु साझेदारी, स्कूल आधारित बदलाव के लिए आगामी लीडरशिप तैयार करना शामिल है। यह प्रशिक्षण स्रोत समूह सदस्यों द्वारा राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात दिया जा रहा है । डाइट प्राचार्य एम पी डुंगडुंग द्वारा सभी प्रधानाध्यापकों को प्रशिक्षण के पश्चात पंद्रह लक्ष्यों पर कार्य करने हेतु आदेशित किया गया है। इन लक्ष्यो में शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना, निरंतर सीखते रहना, स्वयं को एवं अपने स्कूल को रोल मॉडल के रूप में विकसित करना, शिक्षकों के अकादमिक कार्यों की निरंतर समीक्षा करना, स्कूल के छात्रों को शुरुआत से ही प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये तैयार करना, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा हेतु पालकों को बच्चों के प्रत्येक टेस्ट की कॉपियों का अवलोकन कराना, शाला विकास में पालकों एवं जन प्रतिनिधियों का सहयोग लेना, आकर्षक पुस्तकालय स्थापना, सत्र के प्रारंभ से ही टाइम टेबल के अनुसार अध्यापन की गतिविधि आदि शामिल है। आगामी सत्र में स्कूल मॉनिटरिंग इन्हीं लक्ष्यों पर केंद्रित रहेगी। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस प्रतिभागियों द्वारा डाइट के पुस्तकालय का भ्रमण एवं डीएलएड छात्राध्यापको द्वारा निर्मित शिक्षण सहायक सामग्री का अवलोकन किया गया। जिससे सभी स्कूल अपनी अपनी शालाओं में व्यवस्थित पुस्तकालय स्थापित कर बच्चों एवं शिक्षकों में पढ़ने की संस्कृति का विकास कर सकेंगे एवं टीएलएम का उपयोग कर शिक्षण को प्रभावी बनायेंगे। सभी प्रधानाध्यापकों द्वारा यह संकल्प व्यक्त किया गया कि वे शिक्षकों, बच्चों और पालकों के सहयोग से अपने विद्यालयों में अपेक्षित परिवर्तन लायेंगे और शिक्षा की गुणवत्ता उनका प्राथमिक लक्ष्य रहेगा। अपने लक्ष्यों पर फोकस करने हेतु टीम हार्टफुलनेस से पॉलिटेकनिक महाविद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र बरखेड़कर, डॉ. श्रीराम पाठक, विकास श्रीवास्तव ने सभी प्रतिभागियों को ध्यान की गतिविधि कराई।

## खबर संक्षेप

### सलेहा में शराब दुकान के विरोध में महिलाओं ने सड़क पर बैठ कर जताया विरोध

#### डॉ. राजेश वर्मा विधायक के आश्वासन पर बंद हुआ विरोध प्रदर्शन



**हरिभूमि न्यूज।** पन्ना जिला पवित्र और पर्यटन जिला है जहां पर ऐतिहासिक मंदिर पन्ना टाइगर रिजर्व है पन्ना नगरी पवित्र नगरी घोषित हो चुकी है और शहर में शराब की दुकान ना हो उसके लिए सरकार के द्वारा एक बड़ा फैसला लिया गया की शहर के अंदर शराब की दुकान नहीं खोली जाएगी शहर के बाहर शराब की दुकान रहेगी ताकि आमजन को नुकसान ना हो और परेशानियों का सामना न करना पड़े इसको लेकर जिले में शराब की दुकान शहर से बाहर खोल दी गई लेकिन कुछ जगहों पर शराब की दुकान खोले जाने पर विवाद की स्थितियां बन गई है कुछ दिन पहले पहाड़ीखेड़ा लाइन में भी रोड पर शराब की दुकान होने से लोगों ने विरोध किया और ज्ञापन दिए क्योंकि मुख्य मार्ग में शराब की दुकान होने से आए दिन दुर्घटना होने की संभावना रहती है इसको लेकर लोगों ने विरोध किया क्योंकि रोड पर सड़क की दुकान होने से दुर्घटनाएं होगी जिले में शराब की दुकान को लेकर और भी जगह विरोध किया गया क्योंकि जो शराब की दुकान खोली गई है वह सही जगह पर नहीं है सलेहा में भी इसका असर देखने को मिला क्योंकि बीच बस्ती में शराब की दुकान होने से लोगों को परेशानी हो रही है बीच बस्ती में शराब की दुकान होने से सलेहा मै महिलाओं ने विरोध किया और रोड पर बैठ गई दो दिन से शराब दुकान बंद है और महिलाओं का कहना है कि यह दुकान बीच बस्ती में नहीं होनी चाहिए इस नगर से बाहर खोला जाए ताकि बहू बेटियों को परेशानी ना हो आज गुनौर विधानसभा के विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा सलेहा पहुंचे और उन्होंने महिलाओं से मौके पर पहुंचकर वहां की महिलाओं से बातचीत की महिलाओं का कहना है कि बीच बस्ती में शराब की दुकान नहीं होनी चाहिए हम लोगों को परेशानी होती है इस शहर से बाहर खोला जाए ताकि बहू बेटियां सुरक्षित रह सके और किसी को परेशानी ना हो विधायक डॉ राजेश वर्मा ने मौके पर कलेक्टर पन्ना से बात की और महिलाओं को आश्वासन दिया कि आप लोग चिंता मत करो शराब की दुकान बस्ती से बाहर ही खोली जाएगी।

### माँ कलेही धाम में सुविधाएं सुधारने की शुरुआत, बंद फ्रिजरों की मरम्मत और इन्वर्टर दुरुस्तीकरण शुरू



**हरिभूमि न्यूज पवई।** बुंदेलखंड के प्रसिद्ध माँ कलेही धाम में श्रद्धालुओं को हो रही मूलभूत सुविधाओं की समस्या को लेकर प्रकाशित समाचार का असर साफ दिखाई देने लगा है। मीडिया द्वारा आवाज उठाने के बाद मंदिर समिति और स्थानीय प्रशासन ने व्यवस्थाएं सुधारने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। मंदिर परिसर में वर्षों से बंद पड़े तीन फ्रिजरों में से एक को मरम्मत के बाद चालू कर दिया गया है। जबकि शेष दो फ्रिजर अभी भी खराब हैं उनमे पानी तो पहुँचता है पर ठंडा नहीं होता है, जिन्हें प्रशासन जल्द बाहर से तकनीकी मिस्त्री बुलवाकर ठीक कराने की बात कह रहा है। इसके अलावा, मंदिर परिसर में स्थित पानी की टंकी से जल आपूर्ति करने वाली मोटर भी खराब पाई गई थी, जिसके कारण श्रद्धालुओं को परिसर में पानी नहीं मिल पा रहा था। अब मोटर की मरम्मत की प्रक्रिया भी शुरू की जा चुकी है ताकि जल्द ही पूरे परिसर में सुचारु जल आपूर्ति बहाल की जा सके। इन्वर्टर जो पिछले सप्ताह से खराब पड़ा था, उसे भी बदल कर नया सेट और बैटरियाँ मंगवाई जा चुकी है, अब बिजली गुल होने की स्थिति में रोशनी और सीसीटीवी निगरानी बाधित नहीं होगी। मुख्य पुजारी डॉ. हरिकेश बढ़ोलिया ने बताया, ष्श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए हर संभव प्रयास किया जा

# नेशनल लोक अदालत में हुआ विभिन्न प्रकरणों की निराकरण





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा**

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं माननीय श्री पीसी गुप्ता, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के मार्गदर्शन में शनिवार को हटा न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में सुनील कुमार, द्वितीय जिला न्यायाधीश द्वारा 21 प्रकरणों का एवं 74 विद्युत के प्री लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिसमें न्यायालय श्री सिराज अली, प्रथम जिला न्यायाधीश द्वारा 05 प्रकरणों का निराकरण किया गया। न्यायालय राम सिंह बघेल, तृतीय जिला न्यायाधीश द्वारा 06 प्रकरणों का निराकरण किया गया एवं न्यायालय तेज सिंह गौड़, जेएमएफसी द्वारा 17 प्रकरण, सुश्री निशिता श्रीवास्तव, जेएमएफसी द्वारा द्वारा 16 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इस प्रकार नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित कुल 65 प्रकरणों का तथा प्रिलिटिगेशन के 74 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

**लोक अदालत में हुए राजीनामा**

घटना दिनांक 16.11.2022 को फरियादी सत्यवती लोधी का बच्चों के खेलने को लेकर आरोपीगण छोटू उर्फ महेन्द्र, कमलारानी एवं विनीता लोधी सभी निवासी ग्राम मानपुरा थाना हटा जिला दमोह से विवाह हो गया था, जिसकी रिपोर्ट फरियादी ने थाना हटा में की थी, जिस पर थाना हटा में मामला दर्ज कर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया था, जिसका प्रकरण क्रमांक 07/23 है। जिसमें आज माननीय न्यायालय में फरियादी एवं आरोपीगण का माननीय न्यायालय एवं आरोपीगण के अधिवक्ता श्री दीपक मिश्रा के प्रयास से राजीनामा हुआ।

माननीय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश श्री सिराज अली के न्यायालय में लंबित क्रिमिनल अपील क्रमांक 41/2022 राज्य वि अखलेश तिवारी एवं उसका काउंटर अपील 40/22 उमेश वि राज्य में उभय पक्षों का माननीय न्यायालय द्वारा दी गई समझाइश से एवं अधिवक्ता अमिताभ चतुर्वेदी एवं अधिवक्ता डी पी पटैल के सहयोग से राजीनामा हुआ। उक्त मामले में दोनों पक्षकार वर्ष 2016 से न्यायालय में विचारण का सामना कर रहे थे।

## कुटुम्ब न्यायालय में बिछड़े दंपत्ति हुये एक...



दमोह। दमोह में आयोजित हुई लोक अदालत जो कि प्रधान सत्र न्यायाधीश पी सी गुप्ता के निर्देशन में जिला स्तर पर आयोजित की गई इस लोक अदालत में कुटुंब न्यायालय ने महती भूमिका अदा की एक साथ 04 जोड़ो ने प्रधान न्यायाधीश मो अजहर की मौजूदगी में एक साथ मुकदमेबाजी समाप्त कर एक दूसरे का साथ निभाने हाथ आगे बढ़ाया। चीफ लीगल डिफेंस कॉउंसिल ने बताया के अनीता एवम रोहित (काल्पनिक नाम) के मध्य 2023 में शादी हुई गर्भावस्था प्राप्त होने पर ज्योति व खिलान के बीच तनातनी बढ़ी मामला थाने पंचायत होते हुए न्यायालय की दहलीज तक पहुंचा जून 2024 से यह जोड़ा अलग अलग रह रहा था प्रकरण के अधिवक्ता लक्ष्मीकांत तिवारी व सुलह कर्ता श्रीमती पाठक के सहयोग से कॉउंसलिंग हुई और दोनों परिवार एक साथ रहने राजी हो गए और भी रोचक बात ये के दोनों के बीच नवजात बालक मयंक के आने के बाद दोनों ने कोई भी मुकदमा आपस मे न चलाने की कसम खाई और दोनों जोड़े लोक अदालत में एक होकर खुशी खुशी घर रवाना हुए। वहीं दूसरे जोड़े की कहानी भी फिल्मी है आयाश और शहजाद (काल्पनिक नाम) के बीच चल रहे न्यायालय के भरण पोषण के मामले में जोया ने शादाब से न्यायालीन आदेश के परिपालन में भरण पोषण राशि वसूलने वारंट जारी करने की मांग कर दी थी किन्तु न्यायालय में सुलह वार्ता और उज्ज्वल भविष्य को देखते हुए दोनों साथ रहने तैयार हुए इस राजीनामा को कराने कमलेश भारद्वाज अधिवक्ता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तीसरे मामले में शागिदा व रुपू (काल्पनिक नाम,)के मध्य 2016 में शादी हुई थी दो बच्चे होने के बाद भी जोड़े में सहमति नहीं बन रही थी न्यायालय में भरण पोषण का मामला आने के बाद दोनों पक्षो को फीरोज खान अधिवक्ता व सुल्हकर्ता समिति ने समझाइश दी मामला समझाइश के बाद सुलझा और दोनों मुकदमा समाप्त कर साथ रहने तैयार हो गए।

**सबसे उम्र दराज जोड़े को एक कराया लोक अदालत ने**

सबसे उम्र दराज जोड़े बल्लू व राशि(काल्पनिक नाम) पिछले 05 सालों से अलग रह रहे थे दोनों के 23 साल के बच्चे भी थे जिनकी शादी हो चुकी थी पर आपसी तक़रार और बीवी की तीखी बाते कलु को लग गई मामला न्यायालय पहुंचा समझाइश के बाद लोक अदालत में दोनों जोड़े साथ रहने तैयार हो गए इस ममामले में दोनों पक्षो को राजी कराने पंकज खरे अधिवक्ता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लोक अदालत में राजीनामा करने वाले जोड़ो ने आपस मे एक दूसरे को माला पहनाकर साथ जीवन निभाने की बात कही प्रधान न्यायाधीश पी सी गुप्ता, विशेष न्यायाधीश श्री मरावी की मौजूदगी में सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण ज्ञानेंद्र शुक्ला व विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने पौधा भेंट कर जोड़ो को नव जीवन का आशीष दिया इस अवसर पर चीफ लीगल डिफेंस कॉउंसिल मनीष नगाइच सहित समस्त एल ए डी सी एस स्टाफ व कर्मचारियों व न्यायालीन स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## गौरी असाटी ने बढ़ाया मान

### रुद्राक्ष पब्लिक स्कूल पटेरा का उत्कृष्ट परिणाम



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा**

स्थानीय रुद्राक्ष पब्लिक स्कूल पटेरा की छात्रा गौरी असाटी पिता रामकुमार असाटी ने दसवीं बोर्ड मे 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं अक्षरा जैन पिता अरविंद जैन ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं साक्षी ताम्रकार पिता संतोष ताम्रकार ने 94.4प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी छात्र - छात्राओं ने अपनी सफलता के लिए स्कूल शिक्षक एवं माता पिता के आशीर्वाद को बताया । विधालय की प्राचार्या श्रीमती प्रतिभा खरे ने बताया की सभी छात्राएं इंगलिश मीडियम से पेपर दिए थे और नगर में टॉप किया।स्कूल संचालक नयन खरे ने बताया कि स्कूल के शिक्षकों ने बहुत मेहनत की एवं उत्कृष्ट अंक लाने पर सभी छात्र छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं ।

## वैश्य महासम्मेलन की बैठक का आयोजन



**दमोह।** वैश्य महासम्मेलन द्वारा बक्सवाहा में वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल की उपस्थिति में एक विशेष बैठक का आयोजन हुआ। वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, समाधि अध्यक्ष तहसील अध्यक्ष निलेश जैन, जीराकेश अग्रवाल, जिला अध्यक्ष के सी अग्रवाल गढ़ाकोटा से कमलेश साहू, बसंत गुप्ता, बटियागढ़ तहसील अध्यक्ष बक्सवाहा तहसील अध्यक्ष निलेश जैन, महिला अध्यक्ष मिली फटटा, युवा अध्यक्ष सचिन सोनी, कार्यक्रम संचालक कुलदीप असाटी तहसील प्रभारी एवं मनीष जैन आदि उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री का किया अभिनंदन

**बांदकपुर।** मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में श्री जागेश्वर नाथ लोक₹ के भूमि पूजन हेतु आगमन हुआ इस दौरान दमोह जिले के युद्ध अचीवर्स एवं सामाजिक संस्था छात्र सर्व कल्याण समिति दमोह के अध्यक्ष कृष्णा पटेल द्वारा बांदकपुर धाम एवं कुंडलपुर धाम को मध्य प्रदेश शासन द्वारा नशा शराब मुक्त ग्राम घोषित करने, परम पूज्य जै जै सरकार की तपो भूमि फतेहपुर का नाम अजब धाम करने एवं बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में भव्य कॉरिडोर निर्माण हेतु अभिनंदन पत्र सौंपकर मुख्यमंत्री जी का अभिनंदन किया गया। इस दौरान जिले के यूथ अचीवर्स कृष्णा पटेल ने इस अवसर पर कहा कि हम सब सौभाग्यशाली है कि हमारे देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में 100 करोड़ की लागत से भव्य और दिव्य कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है आज भूमि पूजन में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे मुख्यमंत्री जी का हमारी संस्था द्वारा अभिनंदन पत्र भेंट कर नशा मुक्त बांदकपुर एवं कुंडलपुर धाम एवं भव्य दिव्य श्री जागेश्वर नाथ लोक के निर्माण हेतु अभिनंदन किया गया है।

## आबकारी विभाग द्वारा फिर से मोटर साइकिल से शराब तस्करी करते दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**हरिभूमि न्यूज पन्ना।** पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर नवागत जिला आबकारी अधिकारी पन्ना मुकेश कुमार मौर्य के मार्गदर्शन में पन्ना जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चल रहा है। इसी तारतम्य में आबकारी विभाग द्वारा अप्रैल से अब तक में ग्यारहवीं बड़ी कार्रवाई की गई है। एक मोटर साइकिल पर दो व्यक्तियों द्वारा ले जा रहे 298 पाव देशी शराब का अवैध परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया है। आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त पन्ना मुकेश कुमार पाण्डेय ने बताया विश्वस्त मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि गुनौर से पवई की तरफ एक मोटर साइकिल से दो व्यक्ति अवैध शराब लेकर जा रहे है। उक्त सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी और उनके निर्देश पर आबकारी स्टाफ को लेकर मौके के लिए रवाना हुए। मौके पर आबकारी टीम द्वारा ग्राम पडरिया के पास सड़क पर छिपकर इंतजार किया गया। कुछ देर बाद एक मोटर साइकिल पर दो संदेही आते दिखे। आबकारी दल द्वारा उन्हें रोककर पूछताछ की गई। तो उन्होंने अपना नाम जितेंद्र लोधी पिता प्रकाश लोधी , उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम कूपना, थाना पवई और विमलेश लोधी पिता पुरुषोत्तम लोधी, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम कूपना, थाना पवई। मोटरसाइकिल पर रखे सामान के बारे में पूछा तो उन्होंने शराब होना बताया। मौके पर ही जब मोटरसाइकिल पर रखी बड़ी बोरी (झाल) की विधिवत तलाशी ली तो उसमें छह कागज के कार्टून में 298 पाव देशी शराब प्लेन कुल मात्रा 54 बल्क लीटर अवैध शराब कीमती 22,500 रुपए बरामद हुई। आरोपियों से जब उक्त शराब के संबंध में कोई वैध परमिट या लायसेंस मांगा तो उन्होंने कोई परमिट या लायसेंस न होना बताया।

## श्रीमद्भागवत कथा में छठवें दिन हुआ श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह

### घट में है सूजत नहीं लानत ऐसे जिंद तुलसी ऐसे जीव को भयो मोतियाबिंद- किशोरी वैष्णवी गर्ग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह**



जमुनिया हजारी - कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी के मुखारविंद से तिवारी परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह का आयोजन हुआ, जिसे बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन कथा व्यास किशोरी जी ने रास पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय है। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण है। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध, उधव गोपी संवाद, उधव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना व रुकमणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया गया। भारी संख्या में भक्तगण दर्शन हेतु शामिल हुए आज पूरा प्रांगण श्रद्धालुओं से पूर्णरूपेण भरा था और सभी पुष्प वर्षा के साथ खूब झूम और नाच कर रहे थे। कथा के दौरान किशोरी जी ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया। महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया। कथावाचक किशोरी वैष्णवी गर्ग जी ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। कथा श्रवण के दौरान स्थानीय महिलाओं पर पांडवों के भाव अवतरित हुए। कथा वाचक ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश है, इसलिए जीव के अंदर अपारशक्ति रहती है यदि कोई कमी रहती है, वह मात्र संकल्प की होती है। संकल्प व कपट रहित होने से प्रभु उसे निश्चित रूप से पूरा करेंगे। उन्होंने महारास लीला श्री उद्धव चरित्र श्री कृष्ण मथुरा गमन और श्री रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर विस्तृत विवरण दिया। रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर व्याख्यान करते हुए उन्होंने कहा कि रुक्मणी के भाई ने उनका विवाह शिशुपाल के साथ सुनिश्चित किया था, लेकिन रुक्मणी ने संकल्प लिया था कि वह शिशुपाल को नहीं केवल नंद के लाला अर्थात श्री कृष्ण जी को पति के रूप में वरण करेंगे। उन्होंने कहा शिशुपाल असत्य मार्गी है। द्वारिकाधीश भगवान श्री कृष्ण सत्य मार्गी है। इसलिए वो असत्य को नहीं सत्य को अपनाएगी। अंत में भगवान श्रीद्वारकाधीशजी ने रुक्मणी के सत्य संकल्प को पूर्ण किया। मुख्य यजमान - श्रीमती ममता बालमुकुंद तिवारी जमुनिया , रविवार को श्री कृष्ण सुदामा चरित्र होगा । कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग के यूट्यूब चैनल को सब्सक्राइब करें।

## पटवारी नहीं मानती तहसीलदार का आदेश रास्ते से अतिक्रमण हटवाने भटक रहे फरियादी

**हरिभूमि न्यूज पन्ना।**

पन्ना। जिले के अजयगढ़ तहसील क्षेत्र के कुछ पटवारियों की मनमानी और लापरवाही की वजह से अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं। तहसीलदार के आदेश के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाए जाने से आए दिन विवाद हो रहे हैं, कई बार खून खराबा भी हो चुका है, इसके बावजूद लापरवाही जारी है। ताजा मामला रतनपुर बहिरवारा का सामने आया है। फरियादी देशराज लोध पन्ना कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में शिकायती आवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि ढाल सिंह पिता रामखेलावन लोध निवासी रतनपुर द्वारा आम रास्ते में अतिक्रमण किया गया है जिससे आवागमन बधित हो रहा है शिकायती के आधार पर तहसीलदार द्वारा अतिक्रमण हटवाने आदेश जारी किया गया था, लेकिन तीन माह बीतने के बाद भी पटवारी के द्वारा कार्यवाही नहीं की गई जिससे अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद है और लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



**इनका कहना है-**

अभी हल्का पटवारी अवकाश पर है तथा इस मामले में दल बनाकर सीमांकन कराया जायेगा।

**सुरेन्द्र अहिरवार,**
तहसीलदार अजयगढ़

## अमानगंज पुलिस ने 8 वर्ष से फरार स्थाई वारण्टी को किया गिरफ्तार





**अमानगज पन्नाः**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय पन्ना द्वारा गिरफ्तारी / स्थाई वारण्टियो की अधिक अधिक से तामीली हेतु चलाये रहे अभियान के तहत अमानगंज पुलिस को माननीय न्यायालय पन्ना के प्रकरण क्र. 39/2017 धारा 363,366,376 ताहि पोक्सो एक्ट में 08 बर्ष से फरार स्थाई वारण्टी अमन उर्फ अमर चढ़ार पिता शिवदयाल चढ़ार उम्र 30 साल निवासी गर्रोली थाना नौगांव जिला छतरपुर को मुखबिर सूचना पर दबिस दी गई जो वारण्टी उक्त को बस स्टेण्ड नौगांव जिला छतरपुर से दिनांक 10.05.2025 को गिरफ्तार किया गया है जिसे माननीय न्यायालय पेश किया गया । गिरफ्तार आरोपीगणः- स्थाई वारण्टी अमन उर्फ अमर चढ़ार पिता शिवदयाल चढ़ार उम्र 30 साल निवासी गर्रोली थाना नौगांव जिला छतरपुर सराहनीय योगदानः- थाना प्रभारी निरी. माधवी अग्निहोत्री , सउनि शिवराम नायक , प्रआर. शिवम शर्मा, सलीम, लक्ष्मण मुकेश सोनी, आर. मुनेन्द्र,सतीश , द्वारका प्रसाद, तुलसी, अमित। अमानगंज पुलिस नें 08 बर्ष से फरार स्थाई वारण्टी को किया

गिरफ्तारः- श्रीमान पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा गिरफ्तारी / स्थाई वारण्टियो की अधिक अधिक से तामीली हेतु चलाये रहे अभियान के तहत अमानगंज पुलिस को माननीय न्यायालय पन्ना के प्रकरण क्र. 166/17 धारा 25बी आर्म्स एक्ट में 08 बर्ष से फरार स्थाई वारण्टी जगदीश सिंह उर्फ लल्लू राजा पिता स्व.श्री भगवान सिंह निवासी सिमराकला थाना पवई जिला पन्ना को मुखबिर सूचना पर दबिस दी गई जो वारण्टी उक्त को सम्राट ढावा अमानगंज से दिनांक 10.05.2025 को गिरफ्तार किया गया है जिसे माननीय न्यायालय पेश किया गया । गिरफ्तार आरोपीगणः- स्थाई वारण्टी जगदीश सिंह उर्फ लल्लू राजा पिता स्व.श्री भगवान सिंह निवासी सिमराकला थाना पवई जिला पन्ना **सराहनीय योगदानः-** थाना प्रभारी निरी. माधवी अग्निहोत्री , प्रआर. सलीम , लक्ष्मण , शिवम शर्मा, मुकेश सोनी , मुकेश शर्मा आर. मुनेन्द्र ,सतीश , द्वारका प्रसाद, तुलसी , अमित।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन 12 को

**पथरिया।** विधानसभा क्षेत्र पथरिया में 12 मई को कृषि उपज मंडी पथरिया में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है इस बार कुल रजिस्ट्रेशन 610 हुए हैं।

### 23 वां जैविक प्राकृतिक खेती उत्पाद हाट-बाजार आज

**दमोह।** जिला प्रशासन द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार गर्मी का समय होने के कारण किसानों एवं उपभोगताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अब प्रत्येक रविवार को प्रातः 07 बजे से दोपहर 12 बजे तक जटाशंकर पार्क के पास लगाया जा रहा हैं। इसी क्रम में 23 वां जैविक/प्राकृतिक खेती हाट बाजार 11 मई 2025, दिन रविवार को लगाया जायेगा इस सबंध में उप संचालक कृषि जे एल प्रजापति ने बताया जैविक/प्राकृतिक खेती उत्पाद हाट बाजार में सिंगल यूज पॉलीथिन प्रतिबंधित रहेगी। क्रेतागण घर से थैला लेकर ही आये। स्व-सहायता समूह द्वारा कपड़े के थैलों का भी एक स्टॉल लगाया जा रहा हैं।

दूसरी बार बाघिन एन -112 ने चार शावकों को दिया जन्म, टाइगर रिजर्व में खुशी का माहौल, संख्या पहुंची 23 पर

# टाइगर रिजर्व में बढ़ा बाघों का कुनबा



### टाइगर रिजर्व में संख्या बढ़ने से प्रबंधन ने आसपास बढ़ाई निगरानी सुरक्षा 15 से 20 दिन के है शावक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

जिले की सीमा में फैले प्रदेश के सबसे बड़े टाइगर रिजर्व वीरांगना रानी दुर्गावती (नौरादेही) टाइगर रिजर्व से बड़ी खुशखबरी मिल रही है. यहां एक बाघिन ने चार शावकों को जन्म दिया है. टाइगर रिजर्व प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार, शावक 15 से 20 दिन के प्रतीत हो रहे हैं और चारों स्वस्थ नजर आ रहे हैं. शावकों की सुरक्षा के लिहाज से निगरानी बढ़ा दी गयी है. इन चार नए शावकों के बाद नौरादेही टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या 23 पहुंच गयी है खास बात ये है कि मदर ऑफ नौरादेही कही जाने वाली बाघिन राधा अब नानी बन गई है बाघिन राधा की पहली संतान बाघिन N-112 ने दूसरी बार 4 शावकों को जन्म दिया है

### बाघिन एन-112 ने दूसरी बार चार बच्चों को दिया जन्म

नौरादेही टाइगर रिजर्व से कई दिनों बाद बड़ी खुशखबरी मिली है. जहां मदर ऑफ नौरादेही कही जाने वाली बाघिन राधा की पहली संतान बाघिन एन-112 ने चार शावकों को जन्म दिया है. जिनका फोटोग्राफ नौरादेही टाइगर रिजर्व की सर्च टीम ने खींचा है. चारों शावक फिलहाल 15-20 दिन के नजर आ रहे हैं और स्वस्थ बताए जा रहे हैं नौरादेही टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने सुरक्षा के लिहाज से आसपास निगरानी बढ़ा दी है फिलहाल जहां बाघिन एन -112 अपने शावकों के साथ नजर आ रही है, वहां गश्ती के साथ-साथ सुरक्षा बढ़ा दी गयी है जो लगातार निगरानी कर रही है. ये दूसरा मौका है, जब एन -112 ने एक साथ चार शावकों को जन्म दिया है. जिनमें से तीन बाघिन और एक बाघ है जहां तक बाघिन N -112 की बात करें, तो बाघिन राधा ने पहली बार नौरादेही में 2019 में तीन शावकों को जन्म दिया था. जिनमें दो मादा और एक नर था

### टाइगर रिजर्व में 23 हुई बाघों की संख्या

इसके पहले बाघिन एन -112 ने चार शावकों को जन्म दिया था, जो करीब 22 महीने तक एन -112 के साथ ही रहे. जैसे ही पहली बार जन्मे बच्चे अलग हुए, तो बाघिन एन -112 ने एक बार फिर चार शावकों को जन्म दिया है. बाघों की कुल संख्या के बारे में डिप्टी डायरेक्टर अंसारी का कहना है कि शावकों को हम गणना में शामिल नहीं करते हैं. लेकिन अगर देखा जाए, तो अब बाघों की संख्या नौरादेही में 23 हो गई है वहीं अगर टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या की बात की जाएं तो टाइगर रिजर्व 25 से अधिक बाघों की संख्या होने का अनुमान है क्योंकि टाइगर रिजर्व बाहर से लाए गए बाघ बाघिन भी मौजूद है वहीं अन्य टाइगर रिजर्व से आए बाघों का डेरा भी टाइगर रिजर्व में होने की उम्मीद है।

### क्या कहना है प्रबंधन का

नौरादेही टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ ए ए अंसारी का कहना है कि, ₹कुछ दिन पहले हमारे गश्ती दल को कुछ शावक नजर आए थे. पहले तो हम लोगों को विश्वास नहीं हुआ, लेकिन गश्ती दल से अच्छे से जानकारी लेने पर हमने एक रेंजर के नेतृत्व में एक सर्च की टीम को गठित किया. हमारी सर्च टीम हाथियों के साथ रवाना हुई और तलाशी अभियान में बाघिन एन-112 अपने चार शावकों के साथ नजर आई. हमारी सर्च टीम ने ही बाघिन एन -112 का अपने शावकों के साथ फोटोग्राफ लिया है. ये शावक 15-20 दिन के नजर आ रहे हैं जिनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए टीम निगरानी में लगी हुई है।

# लापरवाही मिलने पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. गीताजंली सिद्दम की सेवाये समाप्त

### मातृ-मृत्यु प्रकरण में की गई लापरवाही और गैर जिम्मेदाराना व्यवहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले में मातृ-मृत्यु के प्रकरण संज्ञान में आने पर कलेक्टर एवं जिला स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष सुधीर कुमार कोचर द्वारा निरंतर रूप से प्रकरण की गहन समीक्षा की जाती है। ऐसे ही एक मामले में 15 मार्च 2025 को ग्राम गैसाबाद विकासखंड हटा निवासी शायबा बी पत्नि फारूक खान उम्र 20 वर्ष की मातृ-मृत्यु की समीक्षा में संविदा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. गीताजंली सिद्दम की लापरवाही और गैर जिम्मेदाराना व्यवहार के कारण कलेक्टर की अनुशंसा पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मानव संसाधन मैन्यूअल 2025 के प्रावधानों के तहत डॉ. गीताजंली सिद्दम की संविदा सेवायें तत्काल प्रभाव से समाप्त की गई। ज्ञात हो कि ग्राम गैसाबाद विकासखंड हटा निवासी शायबा बी पत्नि फारूक खान उम्र 20 वर्ष की कलेक्टर द्वारा मातृ-मृत्यु की गहन समीक्षा में उक्त मातृ-मृत्यु प्रकरण की केशशीट में ओवर राईटिंग, कूट रचना पाये जाने पर कलेक्टर श्री कोचर ने मामले की पूरी पडताल के लिए एक जांच समिति गठित की। जांच समिति ने पाया कि डॉ. गीताजंली सिद्दम द्वारा समय पर ईलाज न करने पर उनके द्वारा कार्य के प्रति की गई लापरवाही से श्रीमति शायबा बी की मृत्यु हुई है। डॉ. सिद्दम ने अपने बचाव के लिए केशशीट पर मरीज की मृत्यु के बाद समस्त नोट अंकित किये, उन्होने ऑन कॉल डियूटी पर रहते हुए भी स्टॉफ नर्स के फोन कॉल का जबाब नहीं दिया और अस्पताल में देर से पहुँचीं। जांच समिति की रिपोर्ट और जिला कलेक्टर की अनुशंसा के आधार पर संबंधित प्रकरण को राज्य स्तर पर समुचित कार्यवाही हेतु भेजा गया। राज्य स्तर पर प्रकरण की सुनवाई में भी डॉ. सिद्दम द्वारा कार्य स्थल पर कार्य के प्रति लापरवाही एवं गैर जिम्मेदार होने की पुष्टि हुई। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मानव संसाधन मैन्यूअल 2025 के प्रावधानों के तहत डॉ. गीताजंली सिद्दम की संविदा सेवायें तत्काल प्रभाव से समाप्त की गई।

# विशाल कॉरिडोर से प्रसिद्ध हिंदू तीर्थ क्षेत्र का होगा चहुंमुखी विकास



**दमोह।** श्री जागेश्वर नाथ बांदकपुर धाम लाखों भक्तों श्रद्धालुओं की आस्था श्रद्धा का केंद्र है। सभी सनातन धर्मप्रेमी पीढ़ियों से भोले बाबा के दरबार से जुड़े हैं। बदलते समय और आवश्यकता के साथ देश प्रदेश में सभी प्रमुख प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्रों का विकास किया जा रहा है। जिसमें अयोध्या धाम, काशी नगरी, वृन्दावन धाम, श्री महाकाल उज्जैन के साथ अब श्री बांदकपुर धाम में 100 करोड़ की राशि से विशाल कॉरिडोर का भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस पवित्र पुण्य कार्य में अनेक शिवभक्तों धर्म प्रेमियों ने वर्षों से संघर्ष किया। जिसकी शुरुआत लगभग 15 वर्ष पहले वर्ष 2010 के आसपास हुई। भोले बाबा की नगरी को सुंदर व्यवस्थित बनाने श्रद्धालुओं की छोटी बड़ी आवश्यकताओं के विषय सहित बांदकपुर धाम मंदिर की भूमि की एवं गौचर शासकीय गोवर्धन पर्वत भूमि की सुरक्षा गौ संरक्षण से लेकर धीरे धीरे प्रयास ,साधन, संघर्ष की शुरुआत हुई। भोले बाबा की कृपा प्रेरणा से जिसमें देश के अनेक पूज्य संतों का मार्गदर्शन उपस्थिति समर्थन समय समय पर प्राप्त हुआ।इस पवित्र कार्य में अनगिनत भक्तों ने लगातार ज्ञापन आंदोलन संघर्ष प्रयास किया।जिसमें दमोह जिले के सभी संगठनों ने,वरिष्ठजनों ,सामाजिक धार्मिक बुद्धि जीवियों, मातृशक्ति, सनातनी युवाओं,मंदिर ट्रस्ट ने भी तीर्थ क्षेत्र के विकास के लिए प्रयास किया।

दमोह जिले के सभी पत्रकार बंधुओं ने तीर्थ क्षेत्र के विकास को प्रमुखता से जगह दी लगातार खबर दिखाकर एक बड़ा मुद्दा बना दिया जिससे हमारे जिले के जन प्रतिनिधियों ने समझा और वर्तमान प्रदेश सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री मोहन यादव, प्रदेश के पर्यटन संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह ने प्राथमिकता से बांदकपुर धाम के संपूर्ण चहुमुखी विकास की परिकल्पना को भव्य विशाल व्यवस्थित कोरिडोर निर्माण के रूप में सामने रखी। जिससे सभी धर्म प्रेमियों में बहुत प्रसन्नता है।

पुलिस और डॉग एस्कॉर्ट टीम ने मौके पर पहुंचकर की जांच पड़ताल, नहीं लगा कोई सुराग

# हिनौता गांव के व्यस्ततम इलाके में दिनदहाड़े सूने घर में चोरों ने अलमारी तोड़कर की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



चोरों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं दिन में चहल पहल एवं लोगों की भीड़ वाले इलाके से घर का ताला तोड़कर चोरी किए जाने का घटनाक्रम प्रकाश में आया है घटना अनुविभाग क्षेत्र के गैसाबाद थाना के हिनौता गांव की है जहां मुख्य सड़क के पास व्यस्ततम इलाके में चोरी वाले घर के सामने बेयर हाउस में गेहूं की खरीद चल रही वहीं बाजू में विद्युत मंडल का ऑफिस जहां लोगों का आना जाना है एक तरफ चाय पान की दुकानें संचालित है जहां दिन भर लोग उपस्थित रहते है इन सब के बीच दोपहर में बेखोप चोरों ने घर का ताला तोड़कर लाखों रुपए और जेवरात पर हाथ साफ कर चोरी को अंजाम दे डाला और किसी की भी नजर नहीं पड़ी। पीड़ित राजेंद्र प्रसाद पटेल ने बताया कि दोपहर करीब 2 बजे परिवार सहित भागवत कथा सुनने के लिए दूसरे ग्राम गए थे जहां से 8 बजे वापस लौटे तो घर का ताला टूटा हुआ था घर के अंदर का भी ताला टूटा हुआ था। अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखें सोने के जेवरात करीब 35 ग्राम, चांदी करीब 500 ग्राम एवं 70 हजार नगद रुपए सहित कुल करीब 5 लाख की चोरी हुई है जिसकी सूचना थाना गैसाबाद में लिखित शिकायत की गई। जहां थाना प्रभारी तुरंत संज्ञान में लेते हुगए मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर फिंगरप्रिंट एवं डॉग स्क्वाड टीम को मौके पर बुलाकर सूक्ष्मता से टीम द्वारा से जांच की गई लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। थाना प्रभारी प्रीति पांडे का कहना है चोरी के वरदात की वारिकी से जांच चल रही है अतिशीघ्र चोरी का पता चल जाएगा।

# हरिनारायण के अवतार श्रीकृष्ण का विवाह देवि महालक्ष्मी की अंशावतार रूक्मिणी के साथ हुआ - पं रवि शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

स्थानीय नंदेश्वर महादेव नंदीवन मंदिर परिसर मे चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छटवे दिवस मे कथा वाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कहा कि रुक्मिणी विदर्भ के राजा भीष्मक की पुत्री थीं भीष्मक मगध के राजा जरासंध के जागीरदार थे रुक्मिणी का ज्येष्ठ भ्राता रुक्मी दुष्ट राजा कंस का मित्र था जिसे कृष्ण द्वारा वध कर दिया गया था इस कारण वह इस विवाह के विरुद्ध था रुक्मिणी के माता-पिता रुक्मिणी का विवाह कृष्ण से ही करना चाहते थे लेकिन रुक्मी ने इसका कड़ा विरोध किया रुक्मी एक महत्वाकांक्षी राजकुमार था और वह निर्दयी जरासंध का क्रोध नहीं चाहता था इसलिए उसने प्रस्तावित किया कि उनका विवाह शिशुपाल से किया जाए जो कि चेदिदेश का राजकुमार एवं श्रीकृष्ण का फुफेरा भाई था शिशुपाल जरासंध का एक जागीरदार और निकट सहयोगी भी था इसलिए वह रुक्मी का भी सहयोगी था भीष्मक अपनी आत्म इच्छा को मारकर रुक्मिणी का विवाह शिशुपाल के संग करने के लिए स्वीकृति दे दी लेकिन रुक्मिणी जो कि इस वार्तालाप को चुपके से सुन चुकी थी भयभीत थी परंतु उनने शीघ्र ही एक विश्वस्त ब्राह्मण को कृष्ण को संदेश देने के लिए मना लिया जिसमें कृष्ण को विदर्भ आकर उन्हें अपने साथ ले चलने की विनती थी श्रीकृष्ण ने युद्ध से बचने के लिए उनका हरण कर लिया द्वारिका मे श्री कृष्ण रुक्मिणी का विवाह सम्पन्न हुआ।

# महिला परिषद ने चौराहे पर रखवाया फस्ट ऐड बाक्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद प्रियकारिणी संभाग आदिनाथ शाखा दमोह की बहनों द्वारा प्राथमिक उपचार हेतु सामग्री रखी गई। दमोह नगर में स्थित स्टेशन चौराहे मे आएं दिन एक्सीडेंट होते हैं, ऐसे में हमारा कर्तव्य है कि, हम अपने आसपास होने वाली दुर्घटना के लिए कुछ इंतजाम कर सके। ऐसी संवेदनशीलता को दर्शाते हुए आदिनाथ शाखा की बहनों द्वारा डॉ प्रियंका तारण के निर्देशन में प्राथमिक उपचार हेतु चौराहे पर स्थित फल की दुकान फर्स्ट एड सामग्री औषधिंया रखी गई। आदिनाथ शाखा कि बहनों द्वारा प्राथमिक उपचार सामग्री उपलब्ध रखने का पुण्य कार्य किया। संगठन मंत्री श्रीमती नेहा बजाज एवं परम संरक्षक श्रीमती साधना जैन की उपस्थिति में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती छाया, प्रियंका, मंजू ,सुमन, मणी, संस्कृति, निधि, नेहा, प्रि सी, लवी ,रेशु,अंकिता,तोशी, राजुल,अमिता, दीपांशी, सुरभि आदि बहनों ने भी अपनी सहभागिता प्रदान की। हमारी बहनों के मन में यह दया भाव हमेशा बना रहे यही हमारी कामना है। संगठन मंत्री श्रीमती नेहा बजाज, चेयरपर्सन श्रीमती संगीता चौधरी, चेयरपर्सन श्रीमती दीप्ति जैन, अध्यक्ष श्रीमती मनीषा खजरी, उपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति जैन, सचिव श्रीमती मनीषा जैन, कोषाध्यक्ष श्रीमती प्रीति जैन की उपस्थिति रही।

# अवैध शराब परिवहन मामले में दोषियों की अपील खारिज

### एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपये से अधिक जुर्माने की सजा बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिला न्यायाधीश संतोष गुप्ता की अदालत ने अवैध शराब परिवहन के प्रकरण में अधीनस्थ न्यायालय द्वारा दोषी ठहराए गए चार आरोपियों की अपील को खारिज करते हुए, दी गई सजा को उचित माना है। उक्त अपील को खारिज करते हुए न्यायालय ने एक-एक वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपये से अधिक के अर्थदंड की सजा को यथावत रखा। मामले में शासन की ओर से सशक्त पक्ष रखकर पैरवी शासकीय अभिभाषक राजीव बद्री सिंह ठाकुर द्वारा की गई। घटना 17 अगस्त 2017 की है जब नरसिंहगढ़ पुलिस चौकी को मुखबिर से सूचना मिली कि इमलाई से एक इंडिका कार में अवैध शराब ले जाई जा रही है। तत्समय पुलिस ने नरसिंहगढ़ रोड पर कोपरा पुल के पास घेराबंदी कर कार को रोका। तलाशी में कार से 20 खाकी रंग के कार्टूनों में लगभग 90 बल्क लीटर अवैध शराब बरामद हुई। कार में सवार चार आरोपियों – माधव पिता घनश्याम लोधी 42 निवासी ग्राम धौराज, पुष्पेंद्र पिता महिपाल लोधी(30) ग्राम जेरठ, देवी सिंह पिता मुन्ना लोधी(32) ग्राम जेरठ, एवं छोटू उर्फ सुरेंद्र लोधी पिता भगवानसिंह लोधी(22) ग्राम पिपरौधा छक्का को तत्काल गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण की सुनवाई में माननीय न्यायालय ने सभी साक्ष्यों एवं तर्कों का गहन परीक्षण करते हुए आरोपियों को दोषी मानते हुए सजा सुनाई थी। आरोपियों द्वारा जिला न्यायालय में सजा के विरुद्ध अपील प्रस्तुत की गई थी, जिसे अब जिला न्यायालय ने खारिज कर दिया। अपील में शासन की ओर से तर्क देते हुए शासकीय अभिभाषक श्री ठाकुर ने बताया कि विचारण न्यायालय द्वारा सभी साक्ष्यों का सम्यक परीक्षण कर दोष सिद्धि की गई थी। न्यायालय ने माना कि अवैध शराब के बढ़ते प्रकरण समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं और ऐसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु कठोर दंड आवश्यक है।

# जनजातीय जनगणना वैश्य के लिए वरदानः प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल



**दमोह।** वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय सुधीर अग्रवाल के द्वारा एक होटल में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जहां दमोह शहर के मीडिया जगत से पहुंचे पत्रकारों के द्वारा उनसे सवाल जवाब किए गए जिनका जवाब उनके द्वारा दिया गया वहीं सुधीर अग्रवाल के द्वारा बताया गया की जनजातीय जनगणना वैश्यों के लिए वरदान है 1 जून को भोपाल में विधवा विधुर तलाकशुदा अधिक उम्र के बच्चे बच्चियों का परिचय सम्मेलन रवींद्र भवन में किया जावेगा वहीं भोपाल में 20 करोड रुपए की लागत से वैश्य भवन मध्य प्रदेश की राजधानी में बन रहा है।वैश्यों के हित की रक्षा उनमें सुरक्षा का भाव पैदा करना हमारी प्रमुखता है दो राजनीतिक दलों को छोड़कर प्रदेश में सबसे बड़ा संगठन हमारा वैश्य महासम्मेलन का है मध्य प्रदेश संगठन की दृष्टि से 65 जिलों 20 संभाग़ एवं 435 तहसीलों में विभाजित किया गया है लिंगानुपात वैश्यों एक बड़ी समस्या है। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से संभागीय अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, जिला अध्यक्ष के सी अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष सावन सिंघई, युवा अध्यक्ष विकास अग्रवाल, नगर अध्यक्ष सत्य प्रकाश असाटी मीडिया प्रभारी, रवि अग्रवाल उपस्थित रहे।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**पथरिया।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महो.दमोह के निर्देशानुसार एवं ज्ञानेंद्र कुमार शुक्ला सिविल जज वरिष्ठ खंड एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के मार्गदर्शन में सुश्री जूही सिह, न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति पथरिया द्वारा शनिवार 10 मई 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। उक्त नेशनल लोक अदालत में सिविल के 01 प्रकरण एन आई एक्ट के 01 एवं 15 दाडिक प्रकरणों एवं 02 एमजेसी प्रकरणों एवं 19 बैंक पीलिटिगेशन प्रकरण जिसमें 1998000/- राशि की वसूली हुई, प्रकरणों का पक्षकारों की सहमति के आधार पर राजीनामा के माध्यम से निराकरण किया गया। उक्त नेशनल लोक अदालत में समस्त अधिवक्ता संघ का पूर्ण सहयोग रहा।

### सामूहिक विवाह कार्यक्रम 14 मई को

**दमोह** । पूर्व वित्तमंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने बताया 11 मई 2025 को दमोह में आयोजित होने वाला सामूहिक विवाह कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से अब 14 मई को आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया उक्त कार्यक्रम कृषि उपज मंडी सागर नाका में आयोजित किया जायेगा।

**नाम सुधार सूचना**

किशोरी लोधी उम्र 39 वर्ष पिता रघु लोधी निवासी जामुनखेड़ा तहसील तेंदूखेड़ा ने शपथ पूर्वक कथन किया है मेरे पुत्र का सही नाम तेज नारायण लोधी है। यह की मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम नारायण लोधी दर्ज है । जबकि उसके जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम तेज नारायण लोधी दर्ज है। अतः उसके आधार कार्ड में भी उसका नाम सुधारकर तेज नारायण लोधी दर्ज किया जाए तथा मेरे पुत्र को तेज नारायण लोधी के नाम से ही जाना पहचाना जावे।

शपथकर्ता
किशोरी लोधी पिता रघु लोधी
नि. जामुनखेड़ा तह तेंदूखेड़ा जिला दमोह